# विकास दर में राष्ट्रीय औसत से काफी आगे निकला यूपी : दीपक कुमार

## दिल्ली की ग्लोबल बिजनेस समिट में जमी यूपी की धाक

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल बिजनेस समिट-2026 में उत्तर प्रदेश एक प्रमुख आकर्षण बनकर उभरा। राज्य की नोडल एजेंसी इंवेस्ट यूपी ने इस प्रतिष्ठित मंच पर देश-विदेश के निवेशकों के समक्ष प्रदेश के प्रगतिशील औद्योगिक इकोसिस्टम, नीतिगत सुधारों और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे को सशक्त ढंग से प्रस्तुत किया।

समिट को संबोधित करते हुए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी, विशाल उपभोक्ता आधार और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के तीन स्तंभों के दम पर उत्तर प्रदेश 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश की 16 प्रतिशत की विकास दर वर्तमान में राष्ट्रीय औसत से काफी आगे है।

उन्होंने बताया कि देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क का करीब 55 प्रतिशत हिस्सा अकेले उत्तर प्रदेश में है। जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट में से एक होगा। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का 30 प्रतिशत हिस्सा यूपी से गुजरता है, जो व्यापार को नई गति दे रहा है।



### डिफेंस कॉरिडोर और मैन्युफैक्चरिंग हब

आईआईडीसी ने यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि इसके छह नोड्स पर अत्याधुनिक हथियारों का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है। वर्तमान में भारत के लगभग 65 प्रतिशत मोबाइल फोन और 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट का उत्पादन उत्तर प्रदेश में हो रहा है। इसके साथ ही आईटी, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग और डेयरी क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व विस्तार हुआ है।